आत्मरक्षा के गुर सीखने से बढ़ता है खुद पर भरोसा : म्यूनिसिपल गर्ल्स काश्मीरी मोहल्ला में लगा सक्षम शिविर

पत्रकार मृत्युन्जय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : जैक्सन ग्रुप ने लेट्स गिव होप फाउंडेशन के सहयोग से आज यहां म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज कश्मीरी मोहल्ला में करीब 350 छात्राओं के लिए सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत सशक्त बनाने के लिए आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लड़कियों में निडरता की भावना पैदा करना और मानसिक शक्ति बढ़ाना था। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्ता भाटिया ने कहा कि लड़कियाँ आज हर क्षेत्र में अपना, परिवार का और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्हें ऐसी सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग के माध्यम से हमें उन्हें स्वयं की सुरक्षा के लिए तैयार करना है। बेटियां घर परिवार के मान सम्मान के लिए बहुत से अअत्याचार सहन कर जाती हैं। इसके पीछे उनकी शारीरिक व मानसिक कमजोरी छिपी होती है। जिस दिन बेटियां शिक्षित हो आत्मरक्षा के तरीके सीख लेंगी, उस दिन वह हर अत्याचार का मुंहतोड़ जवाब भी दे सकेंगी। विद्यालय प्रभारी ने बताया कि यह एक अच्छा प्रयास है जिसके माध्यम से हर घर की बेटियां अपनी सुरक्षा स्वयं करेंगी और अवसर पड़ने पर अपने परिवार की भी रक्षा के लिए खड़ी होंगी। टीम ने ट्रेनिंग के संग पैदा होने वाली स्थितियों का हवाला देते हुए ब्लॉक, पंचिंग और किकिंग की तकनीक के गुर और बारीकियां भी समझाई। प्रशिक्षकों का कहना था कि संकट के समय खुद को बचाने के लिए सीखी गई तकनीकें बालिकाओं में आत्मविश्वास पैदा करती हैं और उन्हें सुरक्षित महसूस कराती हैं। इस अवसर पर सीएसआर जैक्सन ग्रुप के वरिष्ठ प्रबंधक श्रीकुमार अविषेक ने कहा कि जैक्सन हमेशा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के हिस्से के रूप में महिला सशक्तिकरण पर कार्य करने के लिए उत्सुक रहा है। लेट्स गिव होप फाउंडेशन ने हमें एक अवसर दिया है, कि

हम मिशन आगे ले जाएं और बालिकाओं को सशक्त बनाये। लेट्स गिव होप फाउंडेशन के संस्थापक आशीष मौर्या ने बताया कि यह मिशन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के हर सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों व महाविद्यालयों में चलता रहेगा। कार्यक्रम में अविषेक कुमार, मुदित कुमार सिंह, हितेंद्र कुमार करण, अनीता सरोज, रूबी यादव, शालिनी कनौजिया, शालिनी सिंह, राशिका, अंबुज, वंशिता, कोमल, कुलदीप सिंह, फजल रिजवी, हिमांशु सिंह, अजमी हुसैन और शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।

रोडवेज बस से कुचलकर एक अज्ञात बाईक सवार की मौके पर मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर चौराहा के पास बुधवार को करीब साढे बारह बजे रोडवेज बस से कुचलकर अज्ञात एक बाईक सवार की मौकस्थल पर मौत हो गयी।एक अन्य घायल हो गया। सूचना पर मौकस्थल पर पहुँची पुलिस ने जाम को हटाया।और शव को एम्बुलेंस से थाना पर भिजवाया.बताया जा रहा कि बाईक सवार जौनपुर की तरफ जा रहा था।बिपरीत दिशा से वाराणसी की तरफ जा रही रोडवेज बस की चपेट मे आकर सड़क पर गिर पड़े।इसके बाद रोडवेज बस बाईक सवार के सिर को कुचलते हुए आगे बढ़ गयी।करीब 200 मीटर की दूरी पर बस को लोगों ने दौड़ा रोकवा दिया।इसके बाद मौकास्थल जाम लग गया।कुछ ही देर बाद पहुँची पुलिस जाम को हटवा दिया।